भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **5481**
दिनांक 25 जुलाई , 2019 / 3 श्रावण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पूर्णिया में विमानपत्तन

5481. डॉ. मोहम्मद जावेद:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार के पूर्णिया/चूनापुर विमानपत्तन में किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त विमानपत्तन के निर्माण-कार्य में शामिल प्रमुख कंपनियों के नाम तथा ब्यौरा क्या हैं; और

(ग) सरकार द्वारा, आज की तिथि तक, इस हेतु वर्ष-वार कितनी धनराशि का भुगतान किया गया है और जिस कार्य के लिए भुगतान किया गया है उसका ब्यौरा क्या है तथा उन फ़र्मों/कंपनियों के नाम क्या हैं जिन्हें भुगतान किया गया है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) : पुर्निया हवाईअड्डे पर भारतीय वायु सेना का स्वामित्व है और इसके रनवे की लंबाई 9000 फीट है जो एबी-321 प्रकार के विमानों के प्रचालन हेतु उपयुक्त है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने पुर्निया हवाईअड्डा स्टेशन पर एक सिविल एंक्लेव के विकास हेतु बिहार सरकार से 50 एकड़ भूमि की मांग प्रस्तावित की है। अब तक, भाविप्रा द्वारा कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया गया है।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता।

*****